# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 404/17/ACD/MSU/2025–26 दिनांक : 04/09/2025

**सेवा में,**

**01. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।**

**02. शैक्षणिक समन्वय, विश्वविद्यालय परिसर।**

**विषयः–राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या ई–5360/32–जी०एस०/2023–XIX दिनांक 26 जुलाई 2025 के अनुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के दीक्षान्त समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया

कृपया राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या ई–5360/32–जी०एस०/2023–XIX दिनांकः 26 जुलाई 2025 (प्रति संलग्न) के अनुपालन में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के दीक्षान्त समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन संपन्न कराते हुए निम्नांकित गतिविधियाँ आपके द्वारा महाविद्यालय/संस्थान में सम्पादित कराई जानी है।

1. परम्परागत खेल प्रतियोगिताएं
2. काव्य लेखन
3. निबन्ध लेखन
4. चित्रकला
5. देशभक्ति गीत
6. लोक नृत्य
7. भाषण प्रतियोगिता
8. महिला सम्मेलन/शैक्षिक विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी (छात्र–छात्राएं) पृथक–पृथक होंगे, प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाविद्यालय/संस्थान के स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

   उक्त गतिविधिया सम्पादित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप सं0 379/17/एके0/एम0एस0यू0/2025–26 दिनांक 27.08.2025 द्वारा नोडल अधिकारी नामित किये गये है। (प्रति संलग्न)

उपर्युक्त के क्रम में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार महाविद्यालय स्तर पर उक्त प्रतियोगिताएं दिनांकः–.08.09.2025 से 10.09.2025 के बीच संपन्न कराई जाए तथा उपर्युक्त सात प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न https://forms.gle/Bfa5JLegCoHWHSUw7 गूगल फार्म क्यूआर कोड में भरकर भेजना सुनिश्चित करें। प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 11.09.2025 पूर्वान्ह 10:30 बजे कराना सुनिश्चित है।

संलग्नकः यथोपरि।

4-9-25

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव।
05. प्रो0 सन्दीप गुप्ता, क्रीडा अधिकारी। (परम्परागत् खेल प्रतियोगिता हेतु)
06. प्रो0 सीमा रानी, संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ।(काव्य, निबन्ध लेखन, चित्रकला, देशभकित गीत लोक नृत्य भाषण प्रतियोगिता हेतु)
07. डॉ0 गुंजन त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, बाला सुन्दरी अध्ययन केन्द्र।
08. डॉ0 रामकुमार, एन0एस0एस0 समन्वयक्। (शैक्षिक विषयों पर सेमिनार के आयोजन हेतु)
09. समस्त सहायक कुलसचिव।
10. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे कॉलेज प्राचार्यो द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की Uploaded सूचनाओं को Consolidate करके निर्धारित नोडल अधिकारी को ससमय प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
11. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव
(शैक्षणिक)

# Winner Details - Convocation

राजभवन के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेता पृथक-पृथक होंगे।

**reg.maashakumbhariuniversity@gmail.com** Switch account

* Indicates required question

Email *

☐ Record **reg.maashakumbhariuniversity@gmail.com** as the email to be included with my response

College Code *

Your answer

Name of College *

Your answer

This is a required question

Name of Principal *

Your answer

Mobile Number of Principal *

Your answer

Official Email Id of Principal *

Your answer

Name of Programme Coordinator *

Your answer

Mobile Number of Programme Coordinator *

Your answer

Official Email Id of Programme Coordinator *

Your answer

Name of the Programme/Competition *

- ○ Traditional Sports Competition 2025-26
- ○ Poetry Writing Competition 2025-26
- ○ Essay Writing Competition 2025-26
- ○ Art Competition 2025-26
- ○ Patriotic Song Competition 2025-26
- ○ Folk Dance Competition 2025-26
- ○ Speech Competition 2025-26

Date of the Competition *

Date

dd-mm-yyyy

Name of the first winner of the Competition *

Your answer

Mobile Number of the first winner of the Competition *

Your answer

Name of the Second winner of the Competition *

Your answer

Mobile Number of the Second winner of the Competition *

Your answer

Submit

Clear form

Never submit passwords through Google Forms.

This content is neither created nor endorsed by Google. - Contact form owner - Terms of Service - Privacy Policy

Does this form look suspicious? Report

Google Forms

E-Mail

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ–226027

संख्याःई–5360/32–जी.एस./2023–XIX
दिनांकः 26 जुलाई, 2025

प्रेषक

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

(1) AR (Academic)
(2) DR (Academic)
(3) Academic Coordinator
(4) Komal Tyagi
28-7-25
Registrar

विषय : विश्वविद्यालय/संस्थान में शैक्षिक सत्र 2024–25 का दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया शैक्षिक सत्र 2024–25 के दीक्षान्त समारोह के आयोजन से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन करते हुए निम्नांकित गतिविधियाँ सम्पादित किये जाने के निदेश प्राप्त हुए हैः–

i. परम्परागत खेल प्रतियोगिता, काव्य लेखन, निबन्ध लेखन, चित्रकला, देशभक्ति गीत, लोक नृत्य, भाषण प्रतियोगिता, महिला सम्मेलन/शैक्षिक विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी (छात्र–छात्रायें) पृथक–पृथक होंगें। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

ii. उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को समिति के माध्यम से पूर्व में चिन्हित करते हुए पुरस्कृत किया जाए तथा कितने अध्यापकों को पुरस्कृत किया जायेगा उनकी संख्या भी निर्धारित की जायेगी।

iii. विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा गोद लिये गाँवों में भी परम्परागत खेलों का भी आयोजन किया जाये। दीक्षांत समारोह के दौरान गाँव के स्कूल के 10 बच्चों को बुलाकर उनसे पर्यावरण/जल बचाव से सम्बन्धित गीत का गायन अभिनय के साथ कराया जायेगा।

2. दीक्षान्त समारोह से पूर्व विभिन्न आयोजनों के संदर्भ में माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा निम्नवत् दिशा–निर्देश प्रदान किये गये हैः–

A. प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा जिन 05 गाँवों को गोद लिया गया है उन गाँवों के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों में तथा आंगनवाडी केन्द्रों में आपसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायें।

B. विद्यालयों में अलग–अलग कक्षा समूह का निर्धारण कर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जैसे कि–

i. प्राथमिक विद्यालय कक्षा 3 से 5 तक
ii. जूनियर कक्षा 6 से 8 तक
iii. हाईस्कूल कक्षा 9 से 10 तक
iv. इंटरमीडिएट कक्षा 11 से 12 तक

PRO 2419
शाकुम्भरी वि० वि० सहारनपुर
श्री शैक्षणिक विभाग को
आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
Date Month Year
04/08/2025
उप कुल सचिव

C. आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रतियोगिताएं हेतु इन 05 गाँवों के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में आपस में एक प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसका मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित होगा–

i. केंद्रों की सफाई
ii. बच्चों की सफाई (बाल, नाखून, कपड़े, बैग, जूते आदि)
iii. कार्यकत्रियों की उपस्थिति/स्वास्थ्य
iv. अन्य मानदंड, यदि किसी गांव में एक से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्र हैं, तो इन केन्द्रों के मध्य भी प्रतियोगिता आयोजित होगी।

D. विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं (प्रत्येक कक्षा समूह के लिए 03 प्रतियोगिताएं)

1. भाषण प्रतियोगिता
2. चित्रकला/पेंटिंग प्रतियोगिता
3. कहानी कथन प्रतियोगिता (स्टोरी टेलिंग)
4. 10 से 15 बच्चों का देशभक्ति गीत गायन एवं उस पर अभिनय की प्रतियोगिता।

E. प्रतियोगिताओं के विषय का निर्धारण और चयन प्रक्रियाः–

1. प्रत्येक स्कूल में कराई जाने वाली भाषण, चित्रकला और कहानी कथन का विषय प्रत्येक कक्षा समूह के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।
2. प्रत्येक विद्यालय से कक्षा समूह वार प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम दो उत्कृष्ट बच्चे चयनित किए जाएंगे। इस प्रकार, 05 गाँवों में कक्षा समूह वार प्रत्येक प्रतियोगिता के कुल 10 बच्चे चयनित होंगे।
3. इसके बाद, इन 10 बच्चों (प्रथम राउंड) के मध्य कक्षा–समूह वार प्रत्येक प्रतियोगिता की पुनः प्रतियोगिता (द्वितीय राउंड) होगी।
4. इस द्वितीय राउंड प्रतियोगिता में से प्रथम 03 विजेता (जो कक्षा समूह वार प्रत्येक प्रतियोगिता– भाषण, चित्रकला, कहानी–कथन हेतु चिन्हित होंगे) को माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

F. दीक्षांत समारोह में प्रत्येक प्रतियोगिता के दस्तावेज निम्नलिखित अनुसार प्रदर्शित किए जाएंगेः–

1. चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी बच्चों का चित्र, दीक्षांत समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा तथा प्रतियोगिता के उपरान्त पुस्तक भी तैयार की जायेगी।
2. भाषणः– बच्चों द्वारा हस्तलिखित भाषणों की एक पुस्तक तैयार कर प्रदर्शित की जाएगी।
3. कहानी–कथनः– बच्चों द्वारा हस्तलिखित कहानियों की एक पुस्तक तैयार कर प्रदर्शित की जाएगी।

G. आंगनवाड़ी किट का वितरण

माननीय कुलाधिपति महोदया के आदेशानुसार, जिला प्रशासन द्वारा 200 आंगनवाड़ी किट उसी जनपद, जिसमें विश्वविद्यालय स्थित है, में तथा विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा 100 आंगनवाड़ी किट समीपस्थ जनपदों में वितरित किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि:–

i. दीक्षान्त समारोह आयोजन से पूर्व विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली उपर्युक्त प्रस्तर 1 एवं 2 में उल्लिखित विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

ii. विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में आमंत्रित किये जाने वाले 'मुख्य अतिथि' के नाम का अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु तीन महानुभावों के नाम, डायस प्लान, क्षण–प्रतिक्षण कार्यक्रम एवं भाषण–सामग्री आदि माननीय कुलाधिपति महोदया के अनुमोदनार्थ इस सचिवालय को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

प्रतिलिपि परिसहाय, श्री राज्यपाल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

( डॉ. पंकज एल. जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

A